हिन्दी
(301)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक: 20

निर्देशः

(i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तरपुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) वर्तमान में रैदास के प्रेम और सौहार्द संबंधी विचारों को आप कितना प्रासंगिक मानते हैं? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-2 देखें)

(ख) कवि ने 'कठपुतली' को प्रतीक के रूप में क्यों लिया है? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए।

(पाठ-24 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) कविता पढ़ते वक़्त कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखनी चाहिए? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए। (पाठ-1 देखें)

(ख) मीरा के पदों की भाषा में कौन-कौन सी विशेषताएं उभर कर आती हैं? टिप्पणी कीजिए।

(पाठ-4 देखें)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

(क) 'अनुराधा' कहानी एड्स के बारे में हमें जागृत करने में किस हद तक सफल हुई है? इस समस्या के बारे में अपने मत स्पष्ट कीजिए। (पाठ-15 देखें)

(ख) यदि आप किसी कार्यालय में नौकरी करने जाते हैं और वहां किसी दिव्यांग के साथ काम करते हैं तो किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे? 'जिजीविषा की विजय' पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। (पाठ-28 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) परियोजना लेखन की प्रक्रिया विशेष होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्पष्ट कीजिए कि परियोजना लिखते समय समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (पाठ-31 देखें)

(ख) 'सड़क का आदमी' लघु कहानी भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमें जागृत करने में किस हद तक सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए और अपने सुझाव लिखिए। (पाठ-33 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

(क) किसी पत्र का प्रारूप तैयार करते समय किन-किन विशेषताओं का विशेष ध्यान रखेंगे? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-21 देखें)

(ख) यदि आप किसी कार्यालय में नौकरी करने जाते हैं तो वहां प्रारूपण लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे? स्पष्ट कीजिए। (पाठ-21 देखें)

6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

(क) विभिन्न संचार माध्यमों में से किसी एक माध्यम को चुनिए और फाइल में उनके विविध रूपों के चित्रों की कटिंग चिपका कर उस माध्यम की विशेषताओं का उल्लेख अपने शब्दों में लगभग 150 शब्दों में कीजिए। (पाठ-35 देखें)

(ख) आपने हिंदी के आधुनिक काल के अनेक कवियों की रचनाएँ पढी हैं। एक चार्ट बनाकर अन्य किन्हीं पांच कवियों की दो-दो कविताओं को प्रस्तुत कीजिए।

(पाठ-22 और अन्य कविता के पाठ देखें)